81/82 और 103/104 ए० सी० एक्सप्रैस रेलगाड़ियां

963. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 81/82 और 103/104 ए० सी० एक्सप्रेस रेलगाड़ीयों (दिल्ली-हावड़ा और हावडा-दिल्ली) को, जो सप्ताह में पांच दिन चलती है, दैनिक रेलगाड़ियों में परिवर्तित न किये जाने के क्या-क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : खाली दिनों में मार्ग पर राजधानी एक्सप्रैस सहित अन्य गाड़ियों की उपलब्धता होने के कारण ए०सी० एक्सप्रैस के फेरों में वृद्धि करना आवश्यक नहीं समझा जाता । इसके अतिरिक्त, भारतीय रेलों पर वातानुकुलित सवारी डिब्बों की भारी कमी है ।

इलाहाबाद से भटनी तक छोटी लाइन का बड़ी लाइन में परिवर्तन

964. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद से भटनी तक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके कार्यान्वयन में क्या-क्या बाधायें हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) वाराणसी-इलाहाबाद मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए 1975 में सर्वेक्षण किया गया था तथा इसका अद्यतन 1982 में किया गया था । परियोजना को वित्तीय दृष्टि से अलाभकर पाया गया था । इस परियोजना को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

भटनी-वाराणसी मीटर लाइन का बड़ी लाइन में बदलाव एक अनुमोदित परियोजना है तथा संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप इस पर काम प्रगति पर है ।

इलाहाबाद से नई दिल्ली तक दैनिक उड़ान

965. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि इलाहाबाद से नई दिल्ली तक दैनिक उड़ान उपलब्ध न कराये जाने के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागर विमानन मंत्री (श्री मोती लाल वोरा) : दिल्ली और इलाहाबाद के बीच यात्री मांग को देखते हुए इस सैक्टर पर एक दैनिक सेवा चलाने का कोई औचित्य नहीं है ।

Introduction of Two-tier Catering System

966. SHRI PRAMOD MAHAJAN; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Indian Railways are proposing to start two-tier rate system for catering to passengers on running trains *i.e.* higher rate for higher classes and lower rate for lower classes;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if the answer to part (a) above is in negative, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRl MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Price charged depends on the type of food served and not on class of travel.

Open Level Crossings

967. SHRl PRAMOD MAHAJAN; Will the Minister of RAILWAYS be pleas-ed to state: